# <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

**<u>इंडियन बैंक राजभाषा कीर्ति पुरस्कार से सम्मानित,</u>**
**<u>गांधीनगर में पंचम अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में हिन्दी दिवस समारोह में मिला सम्मान</u>**




**गांधीनगर, 14 सितंबर, 2025:** देश के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंक, इंडियन बैंक को गुजरात के गांधीनगर में आयोजित पंचम अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन 2025 के दौरान आयोजित हिंदी दिवस समारोह में वर्ष 2024-25 के लिए राजभाषा कीर्ति तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

इंडियन बैंक को यह पुरस्कार 'राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन' करने के लिए लगातार दूसरे वर्ष प्राप्त हुआ है।

गांधीनगर के महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एग्जिबिशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय पंचम अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के प्रथम दिन हिन्दी दिवस समारोह-2025 में केन्द्रीय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल और राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा के कर-कमलों से इंडियन बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में राजभाषा विभाग के महाप्रबंधक श्री मनोज कुमार दास ने ग्रहण किया।

यह पुरस्कार बैंक की राजभाषा नीति के सफल कार्यान्वयन और बैंकिंग कामकाज में राजभाषा हिंदी को लागू करने में प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इंडियन बैंक सदैव **"ग्राहक की भाषा में ग्राहक सेवा"** की भावना के साथ देशभर में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित है।

---------------------------------------------------------------------------